शिविर में 75 यूनिट रक्तदान

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी रानी बाजार मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार भवन में किया गया।

शिविर का शुभारंभ जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़, जिला महामंत्री राजेन्द्र पवार, कौशल शर्मा, श्याम सिंह हाडला, जिला मंत्री धर्मेन्द्र सोलंकी, झम्कू देवी, दिलीप पुरी, मुकेश सैनी, मुकेश बन सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। मंडल अध्यक्ष मुकेश सैनी ने बताया कि शिविर में 101 संकल्प पत्र भरे एवं 75 यूनिट रक्तदान किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता रवि शेखर मेघवाल, बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानन्द व्यास, सत्यप्रकाश आचार्य, सुशीला कंवर, दिलीप पुरी, मुमताज़ अली भाटी, भूपेन्द्र शर्मा, अशोक प्रजापत, अरूण जैन, नरसिंह सेवग, सुरेश भसीन, अरूण कुमार सोलंकी, जसवंत सोलंकी, ज्योति विजयवर्गीय, घेवरचंद, राजेश पंडित, सुरेश छिंपा, दिनेश भटनागर, प्रीति माहेश्वरी, ओमप्रकाश खत्री, कार्तिप्रिया आहुजा, सोमेश शर्मा, अनुप्रिया जैन, सुभद्र पाण्डेय, देवेन्द्र पुरी, हरीश भोजक, गायत्री गिरी, श्रवण सिंह बिश्नोई, राकेश बन, नितिन सोनी, दीवाकर भाटी, जय भाटिया, सोहन सिंह, पवन सुथार, पुखराज स्वामी, किशन शर्मा, विशाल गोलछा, सुशील आचार्य, चंद्रशेखर शर्मा, गोविंद भाटी, सुधा आचार्य, पुनीत शर्मा, शहर जिला बीकानेर संयोजक इन्द्र प्रकाश राव, अनूप गहलोत, सुरेश बन सहित अनेक गणमान्य अतिथि, भाजपा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। रानी बाजार मंडल के उपाध्यक्ष मुकेश बन ने आभार व्यक्त किया।

वैज्ञानिक तरीकों से भेड़ एवं बकरी पालन के गुर बताये

बीकानेर, (कासं)। वैज्ञानिक भेड़ बकरी पालन के माध्यम से उद्यमिता विकास पर सात दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर,

- **भेड़ बकरी पालन में नस्ल सुधार कर कैसे उच्च गुणवत्ता वाले पशुधन को तैयार करने तथा इससे अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की**

टोंक के निदेशक डॉ अरूण कुमार तोमर ने पशुपालकों को भेड़ बकरी पालन में नस्ल सुधार कर कैसे उच्च गुणवत्ता वाले पशुधन को तैयार करने तथा इससे अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बकरी के दूध के मूल्य संवर्धन उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान में बकरी के दूध से बने उत्पादों की मांग बढ़ी है। ऐसे में पशुपालक वैज्ञानिक तरीकों से भेड़ एवं बकरी पालन कर आय का अतिरिक्त स्रोत सृजित कर सकते हैं। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि पशुपालक प्रशिक्षण से मिली जानकारी को व्यावहारिक रूप से अपनाते हुए अधिकाधिक लाभ लें। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा यह भेड़ बकरी पालन से संबंधित इस वर्ष यह पांचवां प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ प्रमोद कुमार यादव ने भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ नीना सरीन ने कहा कि भेड़ बकरी पालन में कम लागत के कारण उद्यमिता विकास के माध्यम से स्वरोजगार और रोजगार सृजन का बेहतर अवसर मिल सकता है। उन्होंने बताया कि पशुपालकों और किसानों को प्रशिक्षण के दौरान भेड़ बकरी पालन पोषण के वैज्ञानिक तरीकों, प्रबंधन, सहित उद्यमिता के विभिन्न विधाओं की विस्तार से जानकारी दी गई है। प्रशिक्षण में राजस्थान के अलावा भी उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सहित 6 राज्यों से 57 किसान शामिल हुए। पशुपालकों को सरकार की योजनाओं, बैंकिंग सेक्टर के माध्यम से ऋण प्रकिया इत्यादि की विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ शंकरलाल ने प्रशिक्षण की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी दी और क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान डॉ. एच. एल. देशवाल ने सभी आभार व्यक्त किया।

डॉ शंकरलाल ने बताया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण में किसानों को विश्वविद्यालय स्थित समन्वित कृषि प्रणाली इकाई में सिरोही बकरी पालन, केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान बीकानेर के मगरा, चोकला, मारवाडी भेड़ों की नस्लों के फार्मों का भ्रमण करवाया। साथ ही राजूवास बीकानेर के विभिन्न फार्मों में पशुपालकों को अलग अलग नस्लों से परिचित करवाते हुए वैज्ञानिक पोषण प्रबंधन की जानकारी दी गई।

अग्र बंधुओं का सामूहिक भोज

श्रीगंगानगर, (कासं)। दस हजार से ज्यादा अठा बंधुओं ने जमीन पर बैठ कर पत्तल में सामूहिक सह भोज किया।

प्रचार मंत्री दिनेश गुप्ता ने बताया कि तेज गर्मी को देखते हुए सहभोज में मेडिकल की टीम के अलावा दमकल व एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गई। अजय अग्रवाल ने बताया कि भगवान अग्रसेन के सिद्धांत सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय है। उनके शासनकाल में एक निम्न स्तर का व्यक्ति भी पूरे स्वाभिमान से अपना जीवन व्यतीत करता था। चारों तरफ सुख शांति का वास था।

वर्तमान समय में सबसे अधिक जरूरत महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं को लागू करने की है। उन्होंने बताया कि समाजवाद का उनका सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। उनके सिद्धांत से ना केवल अग्रवाल समाज का उत्थान हुआ बल्कि हर समाज की तरक्की हुई। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है। जरूरतमंदों की सहायता करने में समाज के लोग सबसे आगे रहते हैं।

इस कार्यक्रम में अग्रसेन महाराज के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। इस प्रश्नोत्तरी में सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। अतिथियों व समाज के लोगों को पगड़ी, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

समिति की टीम ने 2 माह में सहभोज की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। भोजन प्रसाद को 100 सेवादारों ने परोसा। भोजन प्रसाद वितरण में जयको लंगर सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल सरावगी ने बताया कि 25 से ज्यादा सेवादारों ने ड्यूटी दी।

सार-समाचार

नए पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा

गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति बीकानेर के नव मनोनीत पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दायित्व ग्रहण किया।

बीकानेर, (कासं)। गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति बीकानेर महानगर की पुनर्गठित कार्यकारिणी की बैठक अंत्योदय नगर में आहुत कर नव मनोनीत पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दायित्व ग्रहण संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम किशोर तिवारी के सानिध्य में करवाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष तिवारी ने संबोधन में कहा कि भ्रूण हत्या, गर्भपात एवं लिव इन रिलेशन जैसे अनैतिक कृत्यों के कारण अनुमानित 50 लाख जन्मों की गर्भ में हत्याएं प्रतिवर्ष होने के कारण हमारे राष्ट्र की डेमोग्राफी बदल रही है जो की सोचनीय एवं अत्यंत ज्वलंत विषय है। नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेन्द्र उपाध्याय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को विश्वास जताया कि बीकानेर शाखा अगले 2 वर्ष में भ्रूण हत्या जैसे जघन्य महापाप के विरूद्ध एवं संस्कार, संरक्षण के कार्यक्रमों को इस कदर गतिमान करेगी की प्रदेश की अन्य शाखाओं को प्रेरणा मिल सके। महानगर सचिव सुरेश शर्मा के अनुसार नव कार्यकारिणी में मगन चांडक एवं लक्ष्मीनारायण मोदी को संरक्षक एवं सुशील शर्मा, भुवनेश यादव, लक्ष्मण उपाध्याय को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। इसी तरह से सहमंत्री ईश्वर दयाल कुम्हार, राजकुमार व्यास को बनाने के साथ महिला प्रभारी संतोष शर्मा एवं सह प्रभारी प्रिया शर्मा व रश्मि जैन को दिया गया है। संस्था का मीडिया प्रभारी का दायित्व गोवर्धन सोनी पत्रकार को सौंपने के साथ मालचंद पारीक, योगेन्द्र भाटी, कविता यादव एवं नरेश खत्री को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल करने के साथ ही 32 सदस्यीय की जंबो जेट कार्यकारिणी बनाई गई है।

उस्ता कला पर प्रशिक्षण



उस्ता कला पर सात दिवसीय प्रशिक्षण के उद्घाटन समारोह को वैशाली शेरोन ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। बीएसएफ कैम्पस स्थित आरवीटीसी प्रांगण में सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान एवं आर्मी विमेंस वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में उस्ता कला पर सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन की अध्यक्ष वैशाली शेरोन, उपाध्यक्ष प्रिया राणा एवं आरसेटी के निदेशक रूपेश शम्म द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर शर्मा ने संस्थान द्वारा संचालित गतिविधियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं एवं महिलाओं के कौशल विकास के लिए किए जा रहे क्रियाकलापों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैमल आर्ट बीकानेर से जुड़ी हुई कला है। इसे प्रोत्साहित करना जरूरी है। वैशाली शेरोन एवं प्रिया राणा ने आरसेटी द्वारा की जा रही गतिविधियों की सराहना की तथा समाज के पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों को सराहा। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद हनीफ उस्ता ने प्रतिभागियों को उस्ता कला के इतिहास, महत्व एवं तकनीक के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बीएसएफ से कर्नल चंदन सिंह चौहान, मेजर राहुल यादव तथा आरसेटी से शशिकला, कुमारी सना मिर्जा एवं सरिता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

शंकरनाथ का निर्वाण दिवस मनाया

बीकानेर, (कासं)। नत्थूसर बास स्थित श्री नवलेश्वर मठ सिद्धपीठ विवेकनाथ की बगेची में ब्रह्मनिष्ठ सतगुरू भगवान 1008 योगी शंकरनाथ महाराज का 35 वां निर्वाण दिवस सोमवार को भक्ति भाव के साथ मनाया गया। आयोजन की शुरूआत 21 सितम्बर की रात्रि सत्संग से हुई, जिसमें भक्तों ने गुरू वाणी और भजनों का रसपान किया। शिवकुमार गहलोत ट्रस्टी ने भी अपने भजनों की प्रस्तुतियां दी। अगले दिन प्रातः श्रीमद्भागवत गीता पाठ से वातावरण शास्त्र वाणी और आध्यात्मिक ऊर्जा से गूंज उठा। उसके बाद समाधि पूजन का आयोजन वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न हुआ, जिसका पूजन अनुष्ठान पंडित जुगल किशोर ओझा (पुजारी बाबा) और पंडित रामप्रसाद पुरोहित ने मंत्रोच्चारण के साथ किया। इस अवसर पर पूज्य योगी विलासनाथ महाराज, योगी ओमनाथ महाराज और पूज्य योगी गोविंदनाथ महाराज की उपस्थिति ने समारोह की आध्यात्मिक गरिमा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम में बगेची से जुड़े ट्रस्टी द्वारका प्रसाद पचीसिया, श्यामसुंदर सोनी सहित बगेची से जुड़े कई भक्त मौजूद रहे। संयोजन महंत योगी शिवसत्यनाथ महाराज के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उनके सानिध्य में सैकड़ों की संख्या में भक्तजन एकत्रित हुए और गुरू परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए भक्ति एवं साधना का अनुपम अनुभव किया।

भुजिया पर जीएसटी 12 से घटा 5 प्रतिशत करने से रेट कम

बीकानेर, (कासं)। केन्द्र सरकार ने भुजिया पर लगे जीएसटी (गुड्स सर्विस टैक्स) को 12 परसेंट से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। ऐसे में भुजिया की रेट में पंद्रह से बीस रूपए की कमी आई है। बीकाजी समेत बीकानेर के भुजिया व्यापारियों ने भी अपने दाम किए हैं।

दरअसल शहर में करीब 100 से ज्यादा भुजिया बनाने की भट्टियां हैं। इससे पहले भुजिया 220 रूपए प्रति किलो के हिसाब से बेची जा रही थी। लेकिन जीएसटी कम होने के बाद 15 से 20 रूपए कम हुए है। अब इसकी कीमत 200 रूपए प्रति किलो से शुरू हो रही है। बीकाजी ने दो सौ ग्राम पैकिंग वाला भुजिया की रेट 58 रूपए कर दी है। जबकि पहले इसकी रेट 62 रूपए थी। इसी तरह चार सौ ग्राम वाले पैकेट की रेट 122 रूपए से घटाकर 110 रूपए कर दी है। वहीं बीकाजी ने

- **15 से 20 रुपए सस्ती हुई नमकीन, बीकानेर के भुजिया व्यापारियों ने कम किए रेट, दुकान पर लगाया बोर्ड**

अपने गिफ्ट पैक भी सस्ते किए हैं, जिसमें भुजिया की पैकिंग शामिल है। इसमें 370 रूपए वाला पैकेट अब 350 रूपए में मिलेगा। वहीं 663 रूपए वाला पैकेट अब 630 रूपए में मिल सकेगा। दरअसल इसमें मिठाई का पैकेट भी होता है। मिठाई पर जीएसटी में कोई अंतर नहीं आया है।

बीकानेर की एक अन्य बड़ी भुजिया निर्माता कंपनी भीखाराम चांदमल ने जीएसटी धमाका नाम दिया है। कंपनी के प्रचार प्रसार से जुड़े ज्ञान गोस्वामी ने बताया कि 240 रूपए प्रति किलो भुजिया की रेट घटाकर अब 224 रूपए कर दी है। भुजिया के अन्य प्रोड्क्ट्स पर भी इसी अनुपात में रेट कम की गई है। जीएसटी विशेषज्ञ एडवोकेट मदन मोहन व्यास ने बताया कि केन्द्र सरकार ने ब्रांडेड भुजिया पर जीएसटी को बारह परसेंट से घटाकर पांच परसेंट कर दिया। जो भुजिया किसी भी थैली, पैकिंग में बेचा जा रहा है। उस पर 12 प्रतिशत जीएसटी था। जो भुजिया खुले में बिना पैकिंग बेचा जा रहा था, उस पर पांच परसेंट जीएसटी था। नए आदेश में केन्द्र सरकार ने इसे समान कर दिया। अब पैकिंग किया हुआ या फिर बिना पैकिंग किया हुआ भुजिया पर जीएसटी समान रूप से पांच परसेंट ही लगेगी। इससे भुजिया की कीमत में सात प्रतिशत की कमी आई।

युवक से मारपीट कर गल्ले से रूपए निकाल ले गए

बीकानेर, (कासं)। फड़ बाजार में एक पान की दुकान पर मारपीट हो गई। काका पान भंडार के आशीष गहलोत ने कोटगेट थाने में मोहम्मद साजिद और रियाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

आरोप है कि दोनों युवक दुकान पर आये और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। मना करने पर गाली गलौज पर उतर आये। बीच बचाव करने पर ओमप्रकाश के सिर में लोहे की रॉड दे मारी और गल्ले से 2530 रूपए निकाल ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं पवनपुरी स्थित कृष्णचंद मेमोरियल हॉस्पिटल के बाहर से रात एक बाइक चोरी हो गई। चोरी की घटना हॉस्पिटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बाइक जयनारायण व्यास कॉलोनी के सेक्टर पांच ई निवासी लोकेश सोनी की है। वह अपने किसी परिचित से मिलने हॉस्पिटल गया था।

सेंड प्लांट में बजरी में दबने से युवक की मौत

बीकानेर, (कासं)। कोलायत में बजरी में दबने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। ये युवक इस खान में निगरानी का काम कर रहा था और रात से गायब था। सुबह करीब चार बजे उसका शव बजरी में दबा हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग दर्ज करके शव का पोस्टमार्टम करवाया है।

कोलायत के एक प्राइवेट सिलिका सेंड प्लांट में बजरी की होद की निगरानी का काम रविन्द्र मरदनिया के पास था। रविन्द्र बिहार के चम्पारण का रहने वाला था। 45 साल का रविन्द्र यहां पर मजदूरी का काम करता था। उसके पास बजरी की होद के पास निगरानी का जिम्मा था। रात में वह होद की निगरानी करते हुए अंदर गिर गया। सुबह करीब चार बजे उसका शव बजरी में दबा हुआ मिला। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। उसे कोलायत के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

- **कोलायत में सिलिका सेंड प्लांट में बजरी की खान में निगरानी कर रहा था, बजरी में दबा मिला**
- **रात को होद की निगरानी करते हुए अंदर गिर गया**

बाद में शव को मोर्चरी में शिफ्ट किया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। प्रथमदृष्टया दुर्घटनावश गिरना माना जा रहा है। उसके परिवार की सदस्य जिंदा देवी ने पुलिस को मर्ग दर्ज कराई है, जिसके आधार पर छानबीन की जा रही है। घटना कोलायत के आर.आर. मिनरल्स सिलिका सेंड प्लांट की है।

रामलीला में 45 कलाकार देंगे प्रस्तुति

बीकानेर,(कासं)। शारदीय नवरात्रा के शुरूआत से लेकर दशहरे तक नगर सेठ श्रीलक्ष्मीनाथ मंदिर प्रांगण में श्रीराम कला मंदिर संस्थान व रोटरी क्लब रॉयल्स बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रामलीला का आयोजन किया जाता है।

संस्था के अध्यक्ष गिरिराज जोशी ने बताया कि श्रीलक्ष्मीनाथ मंदिर में पिछले 13 सालों से श्रीराम कला मंदिर संस्थान द्वारा रामलीला का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इस बार 22 सितम्बर से 3 अक्टूबर शाम 8 बजे से देर रात्रि तक भव्य रामलीला चलेगी। जिसमें 45 कलाकार व 20 सहयोगी साथ रहते है। रामलीला का मंचन करने का मुख्य उद्देश्य में आज की युवा पीढी मोबाइल में सोशल मीडिया,

- **रक्षाबंधन से ही कलाकार रिहर्सल करना शुरू कर देते हैं**

नशा व जुए की लत में जा चुका है। एकांकी परिवार हो गये है जहां पर बच्चे सिर्फ अपने मोबाइल से चिपके रहते हैं।

इसी सोच के साथ युवा को लेकर रामलीला के रूप में एक पेड़ लगाया था जो आज एक वृट वक्ष बन गया है। इसके लिए रक्षाबंधन से ही कलाकार रिहर्सल करना शुरू हो जाते हैं जो डेढ़ महीने तक कड़ी रिहर्सल करते हैं जिससे की वो मंच पर अपना किरदार अच्छे तरीके से पेश कर सकें।

पुलिसकर्मी के घर में चोरी

बीकानेर, (कासं)। बीछवाल थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें थम नहीं रही है। इंद्रा कॉलोनी में तीन दिन में तीन घरों में चोरियां हो गई। चोरों ने रात पुलिसकर्मी के घर में सेंधमारी की है।

देशनोक थाने में कार्यरत पुलिसकर्मी पदम सिंह राठौड़ के इंद्रा कॉलोनी स्थित घर पर शनिवार रात चोरी हो गए। घर के ताले तोड़कर अज्ञात चोर 5700 रूपए नकद और सोने की अंगूठी चुरा ले गया। एक ही रात में दो घरों में चोरियां हुई थी। पदम सिंह ने थाने में परिवाद दिया है। भाजपा नेता भगवान सिंह मेड़तिया ने वार्ड में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रोष जताते हुए कहा कि बीछवाल थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त की कोई व्यवस्था नहीं है। उधर बीछवाल एसएचओ गोविन्द सिंह ने कहा कि फिलहाल कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

मन, कर्म व विचारों से व्यक्ति बुरा भला होता है : मेहुल प्रभ सागर

बीकानेर, (कासं)। रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में सोमवार को चातुर्मासिक प्रवचन में गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा. ने कहा कि मनुष्य मन, विचार व कर्म से बुरा भला होता है। अपने में व्याप्त बुराईयों, बुरे चिंतन व बुरे कर्मों तथा काम, कोध, लोभ व मोह आदि कषायों से अंतर से युद्ध कर व्यक्ति अच्छा इंसान बन सकता है। आत्मा के पवित्र व निर्मल स्वरूप को प्रकट कर मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है।

एक श्रावक के प्रश्न का उत्तर देते हुए गणिवर्य ने कहा कि कर्मों का फल सूक्ष्म रूप से तत्काल व स्थूल रूप से कर्मों की बाधाएं दूर होने पर मिलता है। परमात्मा के मंदिर में दर्शन वंदन, पूजा

- **रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर ने प्रवचन दिए**

अर्चना करने पर तत्काल फल के रूप में सुख, शांति व शकुन की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि अन्न, पान, स्थान, शयन, वस्त्र, मन, वचन व काया तथा नमस्कार के नौ पुण्य के मार्ग है। इनमें पांच पुण्यों को मजबूत बनाने वाला मन पुण्य है। मनुष्य के कर्म बंधन व मुक्ति का एक मार्ग मन है। मन को सकारात्मक, धार्मिक सोच, पुण्य व परोपकारी कार्यों में लगाएं बुरे चिंतन, विचार व कार्यों से बचें।

इस अवसर पर मुनि मंथन प्रभ सागर म.सा. के सांसारिक वीर पिता चोहटन के ओमजी सिंघवी व सूरत के कुशल मंडोवरा व उनकी पत्नी मनीषा मंडोवरा का अभिनंदन श्री संघ की ओर से खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई के कोषाध्यक्ष अनिल खजांची व सदस्य अभिषेक डागा तथा खरतरगच्छ महिला परिषद की सदस्याओं ने किया। खरतरगच्छ युवा परिषद के अध्यक्ष अनिल सुराणा ने बताया कि साध्वीश्री दीपमाला की 15 दिन की तपस्या के अनुमोदनार्थ मंगलवार को रांगड़ी चौक में होगी।

अष्टधातु से बनी 21 फीट की गदा सूरतगढ़ पहुंची

सूरतगढ़, (कासं)। विश्व की ऐतिहासिक 21 फीट लम्बी अष्टधातु निर्मित पवित्र गदा यात्रा सोमवार को सूरतगढ़ पहुंची।

कंचन सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा बनाई 21 फीट लम्बी अष्टधातु निर्मित पवित्र गदा यात्रा सोमवार को सूरतगढ़ पहुंची। यह गदा उदयपुर में निर्माणाधीन 11 मुखी, 84 फीट ऊंचे हनुमान महाराज मंदिर का हिस्सा है। पिछले 23 महीनों से देशभर के शहरों और गांवों में भ्रमण कर रही यह गदा मंगलवार को समूचे दिन नगर भ्रमण पर रहेगी। समिति सदस्यों के मुताबिक इस पवित्र गदा का सबसे पहले सुबह 8 बजे भारत माता चौक पर श्रद्धालु श्रृद्धा से स्वागत करेंगे। इसी तरह 9 बजे भगत सिंह चौक, 10 बजे महाराणा प्रताप चौक, 11 बजे सुभाष चौक, 12 बजे सैन मंदिर, दोपहर 1 बजे बाबा श्री रामदेव जी जाल मंदिर, शाम 4 बजे चौधरी चरण सिंह चौक, रात्रि विश्राम श्री हनुमानजी खेजड़ी धाम पर होगा।

बीछवाल में तेल के तीन नमूने लिए, 1950 किग्रा. तेल सीज

बीकानेर, (कासं)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त के निर्देश पर प्रदेश में चलाये जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत रविवार को बीकानेर के बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की गई।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बीकानेर डॉ. पुखराज साध के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रवण कुमार वर्मा, सुरेन्द्र कुमार एवं भानु प्रताप सिंह द्वारा बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में मैसर्स उद्योग मंदिर पर निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की गई। इस फर्म के निरीक्षण में तेल उत्पादन क्षेत्र में दीवारों पर धूल एवं जाले लगे हुए थे। कुछ जगह पर तेल लीक हो रहा था। उपकरणों पर चिकनाई जमी हुई थी। पक्षियों को रोकने के लिए कर्टेन नहीं लगे हुए थे, जिन्हें तुरंत दुरूस्त करने एवं साफ-सफाई रखने के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में में मैसर्स उद्योग मंदिर से निरीक्षण के दौरान तेल के नमूने लिए।

दिए गए। कार्रवाई के दौरान रिफाइंड कॉटनसीड ऑयल, फिल्टर्ड ग्राउंडनट ऑयल तथा रिफाइंड ग्राउंडनट ऑयल के 3 नमूने लिए गए। इस कार्रवाई में नमूने लेने के बाद कुल 1950 किलोग्राम तेल को जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक सीज किया गया। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

नशे का शोक पूरा करने के लिए बाइक चोरी की

अनूपगढ़, (कासं)। घड़साना पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली गई है।

घटना 21 अप्रैल 2025 की है। श्योप्रकाश ने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बाइक घड़साना से चोरी हो गई है। मामले की जांच एएसआई भोलूराम को सौंपी गई। एएसआई भोलूराम ने कांस्टेबल शंकर और कांस्टेबल पृथ्वीराज की मदद से मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चक 14 जीडी ढाणी, घड़साना क्षेत्र के रहने वाले विक्रम कुमार को गिरफ्तार किया। एसएचओ महावीर प्रसाद बिश्नोई के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी नशे का आदी है और अपनी नशे के लिए बाइक चोरी करता था। पुलिस को उम्मीद है कि आगे की पूछताछ में आरोपी से अन्य चोरी के मामलों का भी खुलासा हो सकता है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 69 के किला नं. 22, 23 में भूखण्ड ए-37 माप 25'-0'' गुणा 62'-6'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री महेश कुमार पुत्र श्री मिलखराज भूतना निवासी म. नं. 161 जी ब्लॉक, वार्ड नं. 28, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पटटा सं. 14932 दिनांक 23.05.2022 द्वारा जारी किया गया था। आवेदक/पटटाधारक द्वारा उक्त जारी पटटे को निर्धारित समयावधि में उपयोगीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पटटे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पटटा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पटटा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पटटे के आधार पर नया पटटा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री महेश कुमार पुत्र श्री मिलखराज भूतना निवासी म. नं. 161 जी ब्लॉक, वार्ड नं. 28, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जारी पटटे के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 69 के किला नं. 22, 23 में भूखण्ड ए-37 माप 25'-0'' गुणा 62'-6'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 17881826 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर पालिका सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर
Email :- nagarpalikasds@yahoo.in
क्रमांक :- 2290 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 16.09.2025
सर्व साधारण को प्रकाशित कर सूचित किया जाता है कि श्रीमती डिम्पल पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार जाति अरोड़ा निवासी सादुलशहर द्वारा ऑनलाईन आवेदन संख्या 145422 मय दस्तावेज प्रस्तुत कर पुरानी धानमंडी दुकान नं. 31 बी साईज 10' गुणा 30' फुट यानि 33.33 वर्गगज का नामांतरण दस्तावेज बैयनामा दिनांक 22.05.2024 के आधार अनुसार अपने नाम से करवाना चाहा गया है। पुरानी धानमंडी दुकान नं. 31 बी साईज 10' गुणा 30' फुट यानि 33.33 वर्गगज का नामांतरण पालिका में 14.07.2020 को दस्तावेज वसियतनामा दिनांक 12.03.2009 के आधार अनुसार श्री सुभाषचन्द्र पुत्र श्री दरबारी लाल जाति अरोड़ा निवासी सादुलशहर के नाम से दर्ज है। श्री सुभाषचन्द्र पुत्र श्री दरबारी लाल ने साईज 10' गुणा 30' फुट दस्तावेज अपंजीकृत मुख्त्यारनामा आम दिनांक 27.09.2023 द्वारा श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री मुरारी लाल को मुख्त्यारेआम कर दिया। श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री मुरारी लाल महसियत मु.आम श्री सुभाष चन्द्र पुत्र श्री दरबारी लाल ने साईज 10' गुणा 30' फुट दस्तावेज बैयनामा दिनांक 22.05.2024 द्वारा श्रीमती डिम्पल पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार को विक्रय कर दिया। उक्त दस्तावेज बैयनामा दिनांक 22.05.2024 के आधार अनुसार पुरानी धानमंडी दुकान नं. 31 बी साईज 10' गुणा 30' फुट यानि 33.33 वर्गगज का नामांतरण श्रीमती डिम्पल पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार जाति अरोड़ा निवासी सादुलशहर के नाम से दर्ज किया जाना है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के सात दिवस के अंदर-अंदर मय सबूत के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा आवेदन द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों